प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 13.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में **नारी शक्ति वंदन सम्मेलन** को सम्बोधित करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज बालोतरा जाने का कार्यक्रम–प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर रिफाइनरी का निरीक्षण और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे।
- युवा मामले और खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ ने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।
- मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों से जुडी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मजबूत रोड मैप तैयार करने के निर्देश दिए।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में **नारी शक्ति वंदन सम्मेलन** को सम्बोधित करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हो रहा यह सम्मेलन देश के विकास को दिशा देने में महिलाओं की भागीदारी की प्रतिबद्धता मजबूत करेगा। यह पंचायत से लेकर संसद तक सभी स्तर **पर** शासन और नेतृत्व में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को उजागर करेगा। साथ ही निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का महत्व भी बतायेगा। विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाएं इस आयोजन में शामिल हो रही हैं। शिक्षा जगत, विज्ञान, खेलकूद, उद्यमिता, मीडिया, सामाजिक कार्य और संस्कृति क्षेत्र से संबंधित महिलाएं भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगी। सितम्बर 2023 में संसद ने विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के उद्देश्य से **नारी शक्ति वंदन अधिनियम** पारित किया था। यह अधिनियम लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित करने का प्रावधान करता है। इस महीने की 16 तारीख से **संसद के विशेष** सत्र में देशभर में महिला आरक्षण लागू करने पर मुख्य रूप से विचार होगा।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 21 अप्रैल को प्रस्तावित पचपदरा रिफाइनरी के उद्‌घाटन कार्यक्रम के मद्देनजर सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज बालोतरा पंहुचेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि वे रिफाइनरी का निरीक्षण करेंगे। साथ ही अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लेंगे।

.....

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आज कोटा में संविधान पार्क का शिलान्यास करेंगे। कोटा विकास प्राधिकरण की ओर से श्रीनाथपुरम में ये पार्क करीब 30 करोड़ रूपये की लागत से बनाया जायेगा। इसमें बाबा साहेब की प्रतिमा भी स्थापित की जायेगी। साथ ही संविधान निर्माण में योगदान देने वाली महान विभुतियों की जानकारी देने के लिए एक आधुनिक संग्रहालय भी बनेगा। अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश में संगोष्ठी व्याख्यान माला, छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों में फिल्म प्रदर्शन तथा स्वच्छता कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है।

0000

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश में चिकित्स सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसी कडी में शहरों से लेकर कस्बो तक चिकित्सा संस्थानों को क्रमोन्नत किया जा रहा है और नये भवन बनाये जा रहे है जिससे लोगों को ईलाज के लिए बडे शहरों में जाने की मजबूरी नहीं रहे। चिकित्सा मंत्री कल नागौर जिले के खींवसर में जिला अस्पताल के नये भवन के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर श्री खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार का ये संकल्प है कि हर नागरिक को उसके अपने क्षेत्र में ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवायी जाये।

0000

राजस्थान गर्वमेंट हैल्थ स्कीम–आरजीएचएस में जालसाजी करने के मामले में पुलिस ने कल जयपुर में एक निजी अस्पताल संचालक को गिरफ्तार किया है। मानसरोवर थाना अधिकारी लखन सिंह खटाना ने बताया कि आरोपी डॉक्टर, मरीजों के दस्तावेज में काट छांट कर उन्हें आरजीएचएस की साइट पर अपलोड करता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

0000

उद्योग तथा युवा मामले और खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ कल डीडवाना–कुचामन जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने लाडनूं में जैन विश्व भारती की ओर से आयोजित युवा सम्मेलन में शिरकत की। इस अवसर पर श्री राठौड ने युवाओं को संबोधित करते हुए मानवता, नैतिकता और नशा मुक्ति का संदेश दिया। मीडिया से बातचीत में कर्नल राठौड ने युवाओं में नशे की बढती लत पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि नशा, देश, समाज और परिवार को खोखला कर देता है। इसलिए युवाओं को नशे से बचने की जरूरत है।

....

0000

मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों से जुडी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मजबूत रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने कल वीसी के माध्यम से राज्य के सभी 41 जिलों के राजीविका प्रबंधको और स्वयं सहायता समूहों से जुडी लखपति दीदीयों की बैठक ली। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने राजीविका के कामों की समीक्षा करते हुए कई सुधार लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न राज्यों के प्रमुख शहरों और महानगरों में होने वाले कार्यक्रमों के लिए समग्र कलेण्डर और शो प्लान तैयार करने को कहा जिससे उत्पादों को बेहतर बाजार मिल सके। उन्होंने राजस्थान महिला निधि से संबंधित बैंकिंग प्रक्रियाओं की समीक्षा करते हुए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

0000

मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले का अंतिम संस्कार आज शाम मुंबई में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। 92 वर्ष की आयु में उनका निधन कल मुंबई के एक अस्पताल में हो गया था। आशाताई के नाम से भी प्रसिद्ध, आशा भोसले को पद्म विभूषण और महाराष्ट्र भूषण पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था।

....

0000

प्रदेश में कई स्थानों पर दिन का पारा 37 डिग्री सेल्सियस के पार पंहुच गया **है**। इससे गर्मी का असर बढ गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने के कारण तापमान में और बढोतरी की संभावना है। कल बाडमेर में दिन का पारा 39 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।
वहीं रात के पारे में भी बढोतरी देखी जा रही है। फलोदी में न्यूनतम तापमान 26 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रात रिकॉर्ड की गई। कोटा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, जैसलमेर, जोधपुर, जालोर, प्रतापगढ़ और फलोदी सहित नौ शहरों में दिन का तापमान 37 डिग्री से ऊपर रहा।
जयपुर सहित करीब 15 शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे रात के समय भी गर्मी का असर महसूस किया जा रहा है।

0000

राजस्थान हाईकोर्ट और अधीनस्थ अदालतों में आज से ग्रीष्मकालीन समय लागू होगा। अधिसूचना के अनुसार उच्च न्यायालय का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। वहीं अधिनस्थ न्यायालय सुबह 8 बजे से **दोपहर** साढे 12 बजे तक काम करेंगे। उधर ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग ने गर्मी के मौसम को देखते हुए मनरेगा कार्य वीबी जीरामजी का समय बदलने के निर्देश दिए है। इस बारे में सभी जिला कलेक्टरों और जिला परिषद के सीईओ को मौसम को देखते हुए समय में बदलाव करने को कहा गया है।

0000